विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

# संसदधिनियमेन संस्थापिताः

आज़ादी का अमृत महोत्सव

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रिय-संस्कृतविश्वविद्यालयः
नवदेहली

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
देहली

राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः
तिरुपतिः



उत्कर्षमहोत्सवः

त्रयाणां केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयानामभ्युदयबोधिका

# उत्कर्षवीथी

2081 विक्रमाब्दस्य
भाद्रकृष्णतृतीयाचतुर्थ्यौ
22-23 अगस्त, 2024



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

महामहिम राष्ट्रपति



**श्री नरेन्द्र मोदी**

माननीय प्रधानमन्त्री, भारत सरकार



**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**

माननीय शिक्षा एवं कौशल उद्यमिता मन्त्री, भारत सरकार

**प्रो. मुरलीमनोहरपाठकः**
कुलपतिः
**Prof. Murlimanohar Pathak**
Vice-Chancellor

**श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः**
(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)
'ए' ग्रेड (नैक)
बी-4, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-110 016 (भारत)

**Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University**
(Central University)
'A' Grade (NAAC)
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110 016 (INDIA)

## संस्कृतोत्कर्षप्रकर्षः

अखिलभारतीयसंस्कृतसाहित्यसम्मेलनस्य परिचर्चया लब्धाविर्भावोऽपि सान्ध्यपाठशालातो भारतीयनेतृगणाध्यक्ष्ये कतिपयेष्वेव वर्षेषु केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठतामुपेत्य समर्पितजीवनानां डॉ. मण्डनमिश्रसदृशानां भगीरथप्रयासेन मानितविश्वविद्यालयक्रमेण संस्कृतोन्नतये वर्तमानसर्वकारानुकूल्येन केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयतां गत इति विदितचरमेव संस्कृतज्ञानाम्। आशैशवात्पूर्वपुरुषाणां तपःप्रभावादुत्तरोत्तरं समुत्कर्षं साक्षात्कुर्वन्नेवैष विश्वविद्यालयः संस्कृतशिक्षासंस्थानेषु स्थानविशेषं बिभ्राणो महत्तरमुद्देश्यञ्च पुरस्कृत्याविरतमग्रेसरति। अयमिह नगरीमतल्ल्यां दिल्ल्यां समवस्थितः शास्त्रेषु परिश्राम्यतां महतां विपश्चितां वैदुष्यगरिम्णा सर्वाधिकविद्याशाखासौरभं विनेयेष्वादधान स्वगौरवादुत्स्मयते। परिमितविस्तृतावप्येष इतोऽप्यधिकदुर्लभशास्त्रशाखासमावेशमुखेन प्राच्यज्ञानपरम्परासंरक्षणसम्पोषणादिषु प्रयतमानो वर्तते। इयममृतलतेव शिक्षणसंस्थाऽनुगुणमवेक्षणात् सर्वतः प्रसृता समृद्धया न केवलं लोकमालोकयति अपितु सहस्राधिकमन्तेवासिनो ज्ञानधारया तर्पयन्ती भारतीयतां पुष्णाति ।

नूनमस्य स पुण्यतमःकालो यत्रानेन केन्द्रीयविश्वविद्यालयत्वेऽधिगते तदर्थमुपक्रममाणमुत्कर्ष-महोत्सवमैषमोऽयं परिपालयति, तृतीयवर्षेऽयं त्रिगुणितमिव समेधितमुल्लासं समक्षयितुमुपतिष्ठते च। इदमीयावसरश्चिरादिव प्रतीक्ष्यमाण उपागतो यत्र सप्रसवानां समानप्रवृत्तीनां मसृणितः सहभावो विलोक्यते, एवम्विधमहोत्सवेन मिथः सङ्कल्पसामरस्यं फलितं भवति। त्रयाणामपि विश्वविद्यालयानामधिकारिणो विद्वन्मणयः संस्कृतशिक्षामालक्ष्य न केवलं स्वकृत्यमवधारयन्ति अपितु तदनुगुणमुपायांश्च चिन्तयन्ति।

उत्कर्षसमीहा प्रकृतिरेव प्राणभृताम्, जीवतां लक्षणञ्च, न हि मृतस्य काचिदीहा भवति, उत्सवरसिकता भारतीयानां शीलम्, उत्कर्षभावना च तेषां चेतनतां गतिमत्तां च सूचयति, प्रेरयति चास्मान् प्रतिक्षणमग्रसृतये अभिवृद्धये च, किं बहुना असावेव वर्धनशीलानामस्माकं ब्रह्मभावं प्रमाणयति, त्रयाणामपि विश्वविद्यालयानामृषीणां सङ्गमो जङ्गमस्त्रिवेणीसङ्गम इव तीर्थराजतां सृजति, यथा स्फुलिङ्गगणः समेत्य ज्वालाकारेण लोकतमिस्त्रां जाड्यञ्च हरति, समन्वयः समन्वितप्रयासश्च कमप्यमोघमोघं जनयति यश्च लक्ष्यमासाद्यैव विरमति, सारस्वतश्रियो द्वारमुद्घाटयति, सम्भूय समुत्थानकल्पना संस्कृतहिताय फलति।

इत्थं सोल्लासं परिपाल्यमानस्योत्कर्षमहोत्सवस्य साफल्याकाङ्क्षया सर्वानपि सुरभारतीप्रणयिनः समभिनन्दन् आनन्दसन्दोहं विन्दामि ।

भवदीयः

**( मुरलीमनोहरपाठकः )**

Ph. : 011-26851253, 26564003
E-mail : profmpathak@gmail.com, vcslbsrsv@yahoo.co.in, vc@slbsrsv.ac.in

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी
कुलपति
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान,
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन)

Prof. Shrinivasa Varakhedi
Vice-Chancellor
Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan,
Under Ministry of Education, Govt. of India)

श्रावण शुक्ल चतुर्दशी, वि.सं. 2081
दिनांक – 18.08.2024

के.सं.वि./कुलपति-101/2024-25/90

# शुभाशंसनम्

**संगच्छध्वं संवदध्वं संवो मनांसि जानताम् इति आर्षवचनम्** स्मारं स्मारं त्रयः केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यलयाः संभूय उत्कर्षमहोत्सवं समनुतिष्ठन्ति। संसदः अधिनियमेन स्थापितानां त्रयाणामपि विश्वविद्यालयानां संस्कृतभाषायाः प्रचारे शास्त्राणां संरक्षणे च समुज्ज्वला परम्परा विद्यते । भारतसर्वकारस्य तथा नैकेषां प्रातःस्मरणीयानां महनीयानां तपसा परिश्रमेण च इमे विश्वविद्यालयाः एतादृशम् उत्कर्षम् अविन्दन्त।अनेन उत्कर्षेण सह अस्माकं दायित्वमपि गुरुतरं संजातमस्ति। संस्कृतस्य शास्त्राणां च संरक्षणेन सह माननीयप्रधानमन्त्रिणां **नरेन्द्र मोदी**वर्याणां "**विकसितं भारतम्**" इति यश्च संकल्पः विद्यते तस्य संकल्पस्य साकाराय संभूय कार्याणि करणीयानि विद्यन्ते।

नूतनशिक्षानीत्यनुगुणं भारतीयज्ञानपरम्परां समाश्रित्य शोधानां, शोधेषु नवोन्मेषाणां, पाठ्यक्रमेषु नवाचाराणां च उत्कर्षः स्यात् येन अस्माकं भाविसमाजः ज्ञाननिधेः संस्कृतस्य तद्गतविषयाणां च अध्ययने कृतसंकल्पः स्यात्। अयं महोत्सवः न केवलम् ऐक्यप्रदर्शनाय किन्तु सुदृढभाविसमाजस्य श्रेष्ठभारतस्य च निर्माणस्य चिन्तनाय। यत्र संस्कृतस्य उत्कर्षः, संस्कृतपरिवारस्य उत्कर्षः, समाजस्य उत्कर्षः, भारतस्य उत्कर्षः च संनिविष्टः भवेत् तादृशीं नवीनसंकल्पनाम् उत्कर्षमहोत्सवे एकीभूय करिष्यामः।

अस्य वर्षस्य उत्कर्षमहोत्सवस्य आयोजनस्य धुरं वहति श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृत-विश्वविद्यालयः। नवीनचिन्तनस्य विमर्शनेन सह नवीनकार्ययोजनायाः कार्यान्वयनाय दिनद्वयव्यापी अयं महोत्सवः पथप्रदर्शको भवतीति विश्वसिमि। अस्य उत्कर्षमहोत्सवस्य आयोजनाय विश्वविद्यालयस्य कुलपतिवर्यान् अग्रजकल्पान् आचार्यान् मुरलीमनोहरपाठकवर्यान् तथा विश्वविद्यालयस्य विद्वत्प्रवरान् आचार्यान् च अभिनन्दामि ।

भवदीयः

(प्रो. श्रीनिवासः वरखेडी)
कुलपतिः

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058 (INDIA)
Ph. No.: (O) 011-28523949, EPABX : 28524993, 28521994, 28524995,
EMAIL : vicechancellorcsu@gmail.com / vc@csu.co.in, WEBSITE : www.sanskrit.nic.in

**आचार्यः जी.एस्.आर्.कृष्णमूर्तिः**
**कुलपतिः**
**राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः**
(संसदः अधिनियमेन प्रतिष्ठापितः केन्द्रीयविश्वविद्यालयः
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा)
राष्ट्रियमूल्यांकनप्रत्यायनपरिषदः A+ श्रेणीं प्राप्तः)
तिरुपतिः- ५१७५०७, (आं.प्र.)
स्थिरवाणी – 0877-2287680
चलवाणी - 9440626551

**Prof. G.S.R.Krishnamurthy**
**Vice-Chancellor**
**National Sanskrit University**
(A Central University Estd. by
an Act of Parliament
Accredited by NAAC with A+ Grade)
Tirupati – 517507, (A.P.)
Email: vice_chancellor@nsktu.org
Website: https://nsktu.ac.in

**॥सं वो मनांसि जानताम्॥**

भगवतः वेङ्कटाचलाधीशस्य असीमया अनुकम्पया विश्वस्मिन् विश्वे संस्कृतवैभवं दिने-दिने प्रवर्धमानम् अस्ति। इतोऽ पि तस्य सर्वतोमुखविकासाय भारतसर्वकारः त्रीन् मानितविश्वविद्यालयान् पूर्णविश्वविद्यालयत्त्वेन उद्घोषितवान् इति उपलक्ष्य त्रयः विश्वविद्यालयाः मिलित्वा उत्कर्षमहोत्सवं पर्यायक्रमेण एकैकस्मिन् वर्षे निर्वहणं कर्तुं संकल्पं कृतवन्तः।

तस्मिनेव क्रमे ऐषमः श्रीलालबहादुरशास्त्रिराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः उत्सवं पालयितुं सर्वान् आमन्त्रयति इति मोदः। वस्तुतः गङ्गावतरणपर्वणि वैशाखशुक्लसप्तम्याम् अयं महोत्सवः आरम्भणीयः। तथापि संस्कृतसप्ताहमहोत्सवानाम् अङ्गत्वेन अनुष्ठीयते इति महान् प्रमोदः। परुत् तिरुपतिविश्वविद्यालयेन त्रयाणामपि अनुष्ठानानाम् विदुषां शोधलेखाः प्रकाशनीयाः इति शिवसङ्कल्पः कृतः। स च सिद्धसङ्कल्पः जातः। अस्मिन्नपि वर्षे उत्कर्षदीपिका नाम्ना शोधलेखसङ्ग्रहः प्रकाश्यते। राष्ट्रियशिक्षानीतेः अनुपालनानुसारं आधुनिकाः विषयाः अपि परिशोधनक्षेत्रे विचारणीयाः। अतः एव अत्र आधुनिकाविषयसम्बद्धाः लेखाः अपि समावेशिताः। एतेन संस्कृतरङ्गे अपि नवाचाराः प्रविष्टाः। तैः भारतीयज्ञानपरम्परा इतोऽपि वर्धिष्यते इति महान् आनन्दः।

सर्वेषां विदुषां लेखाः सारगर्भिताः जिज्ञासूनां, शोधार्थिनां च उपकारकाः भवन्ति इति द्रढीयान् विश्वासः। उत्कर्षदीपिकायाः सम्पादकमण्डलीं साधुवादैः सभाजयाम इति शिवम्।

॥मङ्गलं महत्॥

जी. श्रीराम कृष्णमूर्ति

**(आचार्यः जी.एस्.आर्.कृष्णमूर्तिः)**

### भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री

## श्री लाल बहादुर शास्त्री जी

### का वक्तव्य

विद्यापीठ भवन के शिलान्यास समारोह (27.11.1965) के अवसर पर विद्यापीठ के अध्यक्ष तत्कालीन प्रधानमन्त्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का अध्यक्षीय वक्तव्य, जो आकाशवाणी से प्रसारित हुआ था, का अंश-

"संस्कृत एक नींव है, एक आधार है, जिस पर आज भारत की प्रायः सभी भाषाएँ बनी हैं खड़ी हुई हैं, और इतना ही नहीं, एक भारत की संस्कृति, सारे भारत की जो कुछ धार्मिक भावनाएं हैं, सब संस्कृत में निहित हैं, संस्कृत में छिपी हुई हैं, चाहे स्तोत्र हों, चाहे मन्त्र हों, चाहे ऋचाएँ हों, जो भी है, वो सब संस्कृत में है और उनकी वाणी का आज भी एक जबरदस्त असर और प्रभाव हरेक भारतीय पर पड़ता है और इसलिए आज ये जो संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना है, ये एक सुन्दर कल्पना है, कुछ वर्षों से ये चल रही है, लेकिन इसने इधर एक तेजी से प्रगति की । काम इसका आगे बढ़ा है, शोध का काम भी आगे बढ़ा है, एक सुन्दर पुस्तकालय का भी प्रारम्भ हुआ है, जिसको एक अन्तरराष्ट्रीय रूप देना है और भी दूसरे काम, पठन-पाठन के, आज संस्कृत विद्यापीठ कर रहा है। जैसा कहा गया, इसकी कल्पना, हमारी आकांक्षाएं बड़ी हैं । हम इसको एक ऐसा केन्द्रीय केन्द्र बनाना चाहते हैं, जहाँ केवल भारत के ही लोग नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग आकर यहाँ रहें, संस्कृत पढ़ें, सीखें, यहाँ के शोध के काम को, रिसर्च को देखें और यदि वो रहकर यहाँ संस्कृत में काम करना चाहते हैं, तो वो भी करें, तो इस रूप में हमारा विचार है कि विद्यापीठ एक आदर्श संस्था बने और इस राजधानी के अन्दर, उसका स्वरूप वही होना चाहिए, जो कि ऐसी संस्था के लिए स्वाभाविक है।

अपना अध्यक्षीय वक्तव्य समाप्त करते हुए प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने आशा व्यक्त की "प्रत्येक यहाँ भारत के रहने वाले लड़के-लड़की को ये बात आवश्यक है कि वो संस्कृत का ज्ञान थोड़ा भी सही, उसको पाने की कोशिश करें।"



# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), पूर्व में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली की स्थापना शास्त्रों के पारम्परिक ज्ञान, शास्त्रों की व्याख्या, आधुनिक शास्त्रीय विद्या में अध्यापकों का उचित प्रशिक्षण और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में शास्त्रों को बढ़ावा देने के लिए की गई है। **श्री लाल बहादुर शास्त्री** जी अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ सोसाइटी के संस्थापक थे। वे इस संस्था के प्रेरणा स्रोत हैं। अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के कलकत्ता अधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुपालन में **8 अक्टूबर, 1962 को विजया दशमी** के दिन दिल्ली में संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की गई। **डॉ. मण्डन मिश्र** को विद्यापीठ का विशेष कार्याधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया गया। सम्मेलन में लिये गए निर्णय के अनुसार अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ नाम से एक पृथक् संस्था स्थापित की गई। इसके संस्थापक अध्यक्ष तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री थे। विद्यापीठ के सर्वाङ्गीण विकास में तत्कालीन प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का महत्त्वपूर्ण योगदान है प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने संस्कृत विद्यापीठ को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था के रूप में विकसित करने की कामना की थी।

शास्त्री जी के आकस्मिक निधन के पश्चात् **प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी** ने विद्यापीठ की अध्यक्षता स्वीकार की। उन्होंने घोषणा की, कि 2 अक्तूबर, 1966 से विद्यापीठ को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से जाना जाएगा। भारत सरकार द्वारा **1 अप्रैल, 1967** को विद्यापीठ का अधिग्रहण किया गया। **21 दिसम्बर, 1970 को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ,** राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली (एक पंजीकृत स्वायत्त संस्था शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) का अंग बन गया।

विद्यापीठ में संस्कृत के पठन-पाठन एवं अनुसन्धान आदि कार्यों तथा इसके सर्वतोमुखी विकास से प्रभावित होकर मार्च, 1983 में भारत सरकार ने इसको मानित विश्वविद्यालय का स्तर देने का प्रस्ताव रखा। अन्ततः आवश्यक परीक्षण एवं मूल्याङ्कन के पश्चात् भारत सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की संस्तुति को दृष्टि में रखते हुये नवम्बर, 1987 में विद्यापीठ को मानित विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की संस्तुति पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से पृथक् एक संस्था श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से तत्कालीन मानव संसाधन विकास मन्त्री **श्री पी. वी. नरसिंह राव की अध्यक्षता में 20 जनवरी, 1987**

को पञ्जीकृत की गयी। डॉ. मण्डन मिश्र 1989 में विद्यापीठ के प्रथम कुलपति नियुक्त हुए। **विद्यापीठ ने नवम्बर, 1991 से मानित विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करना प्रारम्भ किया।**

भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का दृष्टिकोण था कि इस संस्था को ऐसा केन्द्रीय संस्थान बनाया जाए. जहाँ न केवल भारत से अपितु चारों ओर से विद्वान् आयें और यहाँ संस्कृत का अध्ययन एवं अध्यापन करें, संस्कृत में शोधकार्य करें, ताकि यह विद्यापीठ भारत की राजधानी में एक आदर्श संस्था बनकर उभरे। जैसे कि भारत सरकार यथा अन्य भाषाओं में भी देश में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है तथावत् देश में संस्कृत के अध्येतारों की मांगों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत के विद्वानों को एक मंच प्रदान करने के लिए, यह अनुभव किया गया कि यहाँ एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी चाहिए।

श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के कृत संकल्प की सफलता हेतु तथा संस्कृत विद्वानों एवं संस्कृत अनुरागियों के समादर हेतु पूर्व कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी के महान् परिश्रम से, विद्यापीठ परिवार के समस्त आचार्यों, कर्मचारियों छात्रों एवं अन्य सम्मानित सदस्यों के समवेत प्रयत्न से, भारत के महामहिम राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविंद जी के आशीर्वाद से, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र कुमार मोदी जी के सहर्ष समर्थन से, भारत सरकार के शिक्षा मंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक के अभूतपूर्व प्रयास से यह मानित विश्वविद्यालय केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया गया।

**17 अप्रैल, 2020 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित किया गया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम: 2020 के प्रावधान 30 अप्रैल से प्रभावी होगा। इस मामले में शिक्षा मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी किया है।**

वेद-वेदांग पीठ, दर्शन पीठ, साहित्य एवं संस्कृति पीठ, पुराणविद्यापीठ, शिक्षा पीठ और आधुनिक विषय पीठ विश्वविद्यालय में ये छः (6) पीठ हैं। प्रारम्भिक चार पीठ विविध शास्त्रीय विषयों में शास्त्री ( सम्मानित) पाठ्यक्रम और विविध पारम्परिक शास्त्रीय विषयों में आचार्य दो वर्षीय पाठ्यक्रम की उपाधि प्रदान करने की दृष्टि से शास्त्रीय ज्ञान एवं पारम्परिक विद्याओं के अध्ययन हेतु स्थापित हैं। आधुनिक विषय पीठ के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के संरक्षण हेतु हिन्दू अध्ययन नामक एक नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इस पीठ के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र विषयों के साथ-साथ कंप्यूटर एवं पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन भी कराया जाता है। विश्वविद्यालय के प्राय: समस्त शास्त्रीय विषयों में पी-एच्.डी (विद्यावारिधि) पाठ्यक्रम को संचालित करने के लिए शोध विभाग की स्थापना की गई है। जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय के प्रायः समस्त शास्त्रीय विषयों में पी-एच्.डी विद्यावरिधि पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक लगभग 832 छात्रों ने शोध उपाधि प्राप्त की है तथा लगभग 500 छात्र विभिन्न विषयों में शोधरत हैं। शिक्षापीठ शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) नामक दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र में उन्नत अध्ययन के लिए दो वर्षीय पाठ्यक्रम शिक्षाचार्य (एम.एड.). के अध्यापन के उद्देश्य से स्थापित है। उपर्युक्त संकायों में शास्त्रीय विद्या की विभिन्न शाखाओं में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विषय विशेषज्ञतानुसार शोध छात्र प्रवेश पा सकते हैं।

विश्वविद्यालय में प्रकाशन के लिए एक स्वतंत्र विभाग है, जो देश के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा लिखित ऐतिहासिक प्रकाशनों का संग्रह, संरक्षण और प्रकाशन करता है। विभाग द्वारा अभी तक लगभग 118 ग्रन्थ प्रकाशित किये जा चुके हैं। शोध क्षेत्र में विशिष्टता रखने वाली त्रैमासिक शोध पत्रिका 'शोध प्रभा' का प्रकाशन कार्य भी विभाग द्वारा किया जाता है।

विश्वविद्यालय द्वारा वास्तुशास्त्र, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, दर्शन, संस्कृत पत्रकारिता, योग और संगणक अनुप्रयोग में व्यावसायिक प्रमाणपत्रीय और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय यथासमय विभिन्न प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है।

3 दिसम्बर, 1993 को राष्ट्रपति भवन में विश्वविद्यालय द्वारा एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारत के तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा को विद्यापीठ की मानद उपाधि प्रदान की गई। विद्यापीठ का प्रथम दीक्षांत समारोह 15 फरवरी, 1994 को विद्यापीठ परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने प्रथम दीक्षांत भाषण दिया।

विद्यापीठ का 17वां दीक्षांत समारोह 21 अप्रैल, 2018 को सम्पन्न हुआ, जिसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ

कोविंद मुख्य अतिथि थे। माननीय राष्ट्रपति ने विद्वानों को संबोधित किया और प्रख्यात संस्कृत विद्वानों को उपाधि/डिप्लोमा सहित विभिन्न शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) ने 25 जून 2015 को विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड दिया है। COVID-19 महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा IIQA को 19 अगस्त, 2020 को NAAC की तीसरे चक्र की मान्यता के लिए अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ का भी सदस्य है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ देश में सभी विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों का एक शीर्ष निकाय है जो डिग्री/डिप्लोमा की मान्यता में सहायता करता है। विश्वविद्यालय सांस्कृतिक और खेल कार्यक्रमों तथा छात्र छात्राओं के सर्वविध उन्नयन हेतु अपेक्षित विविध कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करता है। विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों में प्रतिभाग करता है। संस्कृत, संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, आर्ष चिन्तन एवं मानवीय मूल्यों तथा विश्वबन्धुत्व की भावना की सर्वत्र स्थापना हो इस मंगल संकल्प के साथ यह विश्वविद्यालय सतत अग्रेसर है।

## विश्वविद्यालय की दृष्टि

- आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रचलित समस्याओं के सन्दर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा को स्थापित करना।
- शास्त्र संरक्षण।
- शास्त्रीय प्रासंगिकता को अक्षुण्ण बनाये रखना।
- वर्तमान परिपेक्ष्य में भारतीय विद्याओं को प्रभावी रूप से स्थापित करना।

## विश्वविद्यालय के उद्देश्य

- शास्त्रीय परंपराओं को संरक्षित करना।
- शास्त्रों की व्याख्या करना।
- आधुनिक परिप्रेक्ष्य में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए संस्कृत शास्त्रों का औचित्य स्थापित करना।
- शिक्षकों के लिए आधुनिक के साथ-साथ शास्त्रीय ज्ञान में गहन अध्ययन के साधन उपलब्ध कराना।
- सम्बन्धित विषयों में उत्कृष्टता प्राप्त करना।


## विश्वविद्यालय के लक्ष्य

- पारम्परिक संस्कृत शिक्षा प्रदान करना
- संस्कृत वाङ्मय में उच्च अध्ययन
- एशिया की अन्य भाषाओं और साहित्य में उच्च स्तरीय शोध
- शास्त्रीय संस्कृत एवं समकालीन संस्कृत साहित्य का अध्ययन
- संस्कृत ज्ञान परम्परा को बढ़ाना
- विश्लेषणपूर्वक पाण्डुलिपियों का संरक्षण

# विश्वविद्यालय के सम्माननीय कुलाधिपति




श्री त्रिलोकीनाथ चुतर्वेदी
( 01.06.1990-08.01.1992 )



प्रो. वी. वेंकटचलम्
( 09.01.1992-09.01.1997 )



प्रो. के.पी.ए.मेनोन्
( 10.01.1997-10.01.2002 )



न्यायमूर्ति श्री पी.एन् भगवती
( 11.01.2002 - 10.01.2012 )



न्यायमूर्ति डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा
( 11.01.2012 - 04.05.2017 )



डॉ. हरि गौतम
( 05.05.2017 से अद्यावधि )

# विश्वविद्यालय के सम्माननीय कुलपति



डॉ. मण्डन मिश्र
( 06.06.1989-06.06.1994 )



प्रो. श्रीधर वशिष्ठ
( 07.06.1994-14.11.1994 )



प्रो. वाचस्पति उपाध्याय
( 15.11.1994-10.07.2011 )



प्रो. शशिप्रभा जैन
( 11.07.2011-04.12.2012 )



प्रो. उषारानी कपूर
( 05.12.2011-05.08.2012 )



प्रो. लक्ष्मीश्वर झा
( 06.07.2012-10.08.2012 )



प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी
( 11.07.2012-08.01.2013 )



प्रो. भवेन्द्र झा
( 09.01.2013-31.05.2014 )



प्रो. भास्कर मिश्र
( 14.05.2014-17.11.2014 )



डॉ. सुखबीर सिंह संधू
( 18.11.2014-08.04.2015 )




प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
( 09.04.2015-28.10.2021 )



प्रो. मुरली मनोहर पाठक
( 29 अक्टूबर, 2021 से अद्यावधि )

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की संगठन सारणी



# विश्वविद्यालय द्वारा सञ्चालित अध्ययन पाठ्यक्रम

## नियमित पाठ्यक्रम

### वेद-वेदांग पीठ, दर्शनशास्त्र पीठ, साहित्य एवं संस्कृति पीठ

**शास्त्री/बी.ए. (योग) एवं आचार्य/एम.ए (योग)-**

वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीन व्याकरण, नव्य व्याकरण, फलित ज्योतिष, सिद्धांत ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, प्राचीन न्याय, नव्य न्याय, सर्व दर्शन, सांख्य योग, अद्वैत वेदान्त, विशिष्ट अद्वैत वेदान्त, जैन दर्शन, मीमांसा, साहित्य, पुराणेतिहास प्राकृत एवं योग

### वेद-वेदांग पीठ, दर्शनशास्त्र पीठ, साहित्य एवं संस्कृति पीठ

**विद्यावारिधि (पी.एच.डी.)**

वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीन व्याकरण, नव्य व्याकरण, फलित ज्योतिष, सिद्धांत ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, प्राचीन न्याय, नव्य न्याय, सर्व दर्शन, सांख्य योग, अद्वैत वेदान्त, विशिष्ट अद्वैत वेदान्त, जैन दर्शन, मीमांसा, साहित्य, पुराणेतिहास प्राकृत एवं योग

### शिक्षाशास्त्र पीठ

- शिक्षा शास्त्री (B.Ed.)
- शिक्षाचार्य (M.Ed.)
- विद्यावारिधि (Ph.D.)

### आधुनिक विषय पीठ

- एम.ए. हिन्दी
- एम.ए. हिन्दू अध्ययन
- एम.ए. अंग्रेजी
- एम.ए समाजशास्त्र
- विद्यावारिधि

## स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम

### प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (षाण्मासिक)

- ज्योतिष प्रवेशिका
- वास्तुशास्त्र प्रमाणपत्रीय
- योग प्रमाणपत्रीय
- पौरोहित्य (कर्मकाण्ड) प्रशिक्षण
- जैन विद्या प्रमाणपत्रीय
- पाण्डुलिपि और शिलालेख

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम (एक वर्षीय)

- ज्योतिष प्राज्ञ
- मेडिकल एस्ट्रोलॉजी
- वास्तुशास्त्र
- स्नातकोत्तर योग
- पौरोहित्य (कर्मकाण्ड)
- संस्कृत भाषा पत्रकारिता
- जैन विद्या
- संस्कृत वाङ्मय
- कम्प्यूटर एप्लिकेशन्स
- संस्कृत प्रशिक्षण एवं सम्भाषण
- योग एवं नैचुरोपैथी
- पाण्डुलिपिविज्ञान एवं लिपिविज्ञान

### एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम (द्विवर्षीय)

- ज्योतिष भूषण
- वास्तुशास्त्र
- स्नातकोत्तर वास्तुशास्त्र

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ

**मानित विश्वविद्यालय**

**द्वारा**

## मानद उपाधियों से विभूषित विद्वानों की सूची

**विशिष्ट दीक्षान्त समारोह (राष्ट्रपतिभवन में आयोजित)**

**महामहिम राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयालशर्मा को वाचस्पति की उपाधि प्रदान**

### प्रथम दीक्षान्त महोत्सव 15.2.1994 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

आचार्य गोडा सुब्रह्मण्य शास्त्री (मद्रास

आचार्य विश्वनाथ शास्त्री दातार (वाराणसी)

**वाचस्पति**

पं. करुणापति त्रिपाठी (वाराणसी)

राजवैद्य वृहस्पतिदेव त्रिगुणा (नई दिल्ली)

डॉ. आस्कर बोटो (इटली)

डॉ. काजुओ अजूमा (जापान)

### द्वितीय दीक्षान्त महोत्सव 11.1.1996 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

प्रो. अनंतलाल ठाकुर (पश्चिम बंगाल)

पं. रामप्रसाद त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश)

श्री टी.एस. श्रीनिवास शास्त्री (महाराष्ट्र)

**वाचस्पति**

डॉ. कर्ण सिंह (दिल्ली)

श्रीधारवासुदेव सोहनी (महाराष्ट्र)

वैद्यश्रीनानकचन्द्र शर्मा (दिल्ली)

### तृतीय दीक्षान्त महोत्सव 11.1.1999 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

प्रो. गोविन्दचन्द्र पाण्डेय (उत्तर प्रदेश)

प्रो. हेरम्बनाथ चटर्जी (पश्चिम बंगाल)

प्रो. श्रीरामचन्द्रुडु (आन्ध्रप्रदेश)

डॉ. मण्डन मिश्र (राजस्थान)

डॉ. भुवनचन्द्र जोशी (उत्तर प्रदेश)

**वाचस्पति**

श्री पी.सी. देवसिआ (केरल)

डॉ. लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (दिल्ली)

वैद्य श्री देवेन्द्र त्रिगुणा (दिल्ली)

### चतुर्थदीक्षान्त महोत्सव 11.2.2000 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

स्वामी श्री रामभद्राचार्य (उत्तर प्रदेश)

पण्डितरत्नम् के0पी0 नारायणपिषारडि (केरल)

पं. कल्याण दत्त शर्मा (राजस्थान)

**वाचस्पति**

श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश)

प्रो. द्रावका मेत्सिक, क्रोशिया (यूरोप)

### पञ्चमदीक्षान्त महोत्सव 28.2.2001 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

पद्मभूषण प्रो. विद्यानिवास मिश्र (उत्तर प्रदेश)

प्रो. गोविन्दगोपालमुखोपाध्याय (पश्चिम बंगाल)

**वाचस्पति**

श्रीमती कमला (राजस्थान)

वेदवारिधि सी. रामानुजन् (कर्नाटक)

### षष्ठदीक्षान्त महोत्सव 17.2.2002 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महामहोपाध्याय**

ब्रह्मर्षि विद्यावारिधि पं. हरिहरकृपालु त्रिपाठी(उत्तर प्रदेश)

प्रो. पी.एन.वी. कुरुप् (केरल)

**वाचस्पति**

प्रो. हरि गौतम (दिल्ली)

डॉ. रमारञ्जन मुखर्जी (पश्चिम बंगाल)

डॉ. मिस्लेव येसिक् (क्रोएशिया)

### सप्तमदीक्षान्त महोत्सव 11.11.2003 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्

**महापहोपाध्याय**

आचार्य श्री काशीनाथ मिश्र (बिहार)

आचार्य श्री धयानेश नारायण चक्रवर्ती (पश्चिम बंगाल)

**वाचस्पति**

न्यायमूर्त्ति श्री शंकरनाथ कपूर (दिल्ली)

न्यायमूर्त्ति श्री मार्कण्डेय काटजू (उत्तर प्रदेश)

**अष्टमदीक्षान्त महोत्सव 12.11.2005 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य केशवराम काशीराम शास्त्री (गुजरात)
आचार्य रामयत्न शुक्ल (उत्तर प्रदेश)

**वाचस्पति**

आचार्य किरीट जोशी (नई दिल्ली)
आचार्य राजाराम जैन (उत्तर प्रदेश)

**नवमदीक्षान्त महोत्सव 10.11.2006 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य श्री निवास रथ (मध्य प्रदेश)
आचार्य जोर्ज कार्दोना (अमेरिका)

**वाचस्पति**

आचार्य विश्वनाथ बनर्जी (पश्चिम बंगाल)
आचार्य मुनीशवर झा (बिहार)

**दशमदीक्षान्त महोत्सव 28.11.2007 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य श्रीसीतारामकृष्णमूर्तिशास्त्री (तमिलनाडु)
आचार्य श्रीरामकरणशर्मा (बिहार)
आचार्य श्री वि. स्वामिनाथ (तमिलनाडु)

**वाचस्पति**

आचार्य श्रीसत्यव्रतशास्त्री (नई दिल्ली)
डॉ. इर्मा पिओवानो (इटली)

**एकादशादीक्षान्त महोत्सव 06.12.2008 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

प्रो0 लोकेशचन्द्र (दिल्ली)
प्रो0 देवर्षिकलानाथशास्त्री (राजस्थान)

**वाचस्पति**

न्यायमूर्ति डॉ0 मुकुन्दकामशर्मा (आसाम)
डॉ0 वी. आर. पञ्चमुखी (कर्नाटक)

**द्वादशदीक्षान्त महोत्सव 07.11.2009 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

प्रो0 एन. एस. रामानुज ताताचार्य (कर्नाटक)
प्रो0 रेवा प्रसाद द्विवेदी (उत्तर प्रदेश)

**वाचस्पति**

प्रो0 त्रिविक्रम नारायण धार्माधिकारी (महाराष्ट्र)
प्रो0 गौतम वाडिलाल पटेल (गुजरात)

**त्रयोदशदीक्षान्त महोत्सव 26.11.2010 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

प्रो0 दयानन्द भार्गव (राजस्थान)
प्रो0 डी. प्रह्लादाचार्य (कर्नाटक)

**वाचस्पति**

आचार्य शिवप्रसाद भारद्वाज (उत्तराखण्ड)
प्रो0 (श्रीमती) पुष्पा दीक्षित (छत्तीसगढ़)

**चतुर्दशदीक्षान्त महोत्सव 07.01.2013 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

प्रो0 पियैर् सिल्वैं फिलियोज़ा (फ्रांस)
पं0 वासुदेव श्रीवत्सांकाचार्य (तमिलनाडु)
प्रो0 के. वी. रामकृष्णमाचार्यलु (आन्ध्र प्रदेश)

**वाचस्पति**

प्रो0 अभिराज राजेन्द्रमिश्र (हिमाचल प्रदेश)
प्रो0 गयाचरण त्रिपाठी (दिल्ली)
प्रो0 प्रेमसुमन जैन (राजस्थान)

**पञ्चदशदीक्षान्त महोत्सव 27.11.2015 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी (उ0प्र0)
आचार्य जयशंकर लाल त्रिपाठी (उ0प्र0)
आचार्य आर. मणि द्रविण (तमिलनाडु)
आचार्य देवदत्त गोविन्द पाटील (महाराष्ट्र)

**वाचस्पति**

आचार्य बिश्वनाथ भट्टाचार्य (उ0प्र0)
आचार्य कृष्णकान्त चतुर्वेदी (म0प्र0)
आचार्य एन. विजीनाथन् (तमिलनाडु)
आचार्य प्रद्योत कुमार मुखोपाध्याय (प0बं0)

**षोडशदीक्षान्त महोत्सव 09.01.2017 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य जी. महाबलेश्वर भट्ट (कर्नाटक)
आचार्य चिर्रावूरि श्रीराम शर्मा (आन्ध्र प्रदेश)

**वाचस्पति**

आचार्य मनुदेव भट्टाचार्य (उ0प्र0)
आचार्य विशवमूर्ति शास्त्री (जम्मू-कश्मीर)

**सप्तदशदीक्षान्त महोत्सव 21.04.2018 के अवसर पर सम्मानितोपाधि से विभूषित विद्वान्**

**महामहोपाध्याय**

आचार्य गंगाधार नायर (केरल)
आचार्य रामचन्द्र पाण्डेय (उ0प्र0)

**वाचस्पति**

डॉ. एच. आर. नागेन्द्र (कर्नाटक)
डॉ. बिबेक देबराय (दिल्ली)

# विश्वविद्यालय के विकास क्रम की महत्त्वपूर्ण तिथियाँ

1. 02 जुलाई, 1962 को अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के कलकत्ता अधिवेशन में **महामहिम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र बाबू द्वारा भारत की** राजधानी में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत विद्याकेन्द्र के रूप में विद्यापीठ की स्थापना के लिए अपील।
2. 24 जुलाई, 1962 ई. को विद्यापीठ की स्थापना एवं सञ्चालन हेतु विद्यापीठ के विशेष कार्य अधिकारी तथा निदेशक के रूप में प्रो. मण्डन मिश्र की सेवाएँ राजस्थान सरकार से प्राप्त की गई।
3. विजय दशमी, 1962 ई. को **केन्द्रीय शिक्षामन्त्री डॉ. कालूलाल श्रीमाली** द्वारा संस्कृत विद्यापीठ का उद्घाटन।
4. 28 अक्टूबर, 1963 ई. को श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ नामक सोसायटी का पंजीयन।
5. 05 अगस्त, 1965 ई. को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्यापीठ के विकास हेतु शास्त्री जी की अध्यक्षता में विद्यापीठ के शासन निकाय द्वारा अस्सी लाख रुपये की पञ्चवर्षीय योजना की स्वीकृति।
6. 27 नवम्बर, 1965 ई. को **नेपाल नरेश महेन्द्र विक्रम द्वारा भारत के प्रधानमन्त्री** श्री शास्त्री जी की अध्यक्षता में विद्यापीठ भवन का शिलान्यास।
7. 28 फरवरी, 1966 ई. को प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी द्वारा विद्यापीठ के अध्यक्ष का पद ग्रहण।
8. 02 अक्टूबर, 1966 ई. को प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा शास्त्री जी के स्मारक के रूप में विद्यापीठ के विकास करने एवं भारत सरकार द्वारा इसके अधिग्रहण की घोषणा।
9. 01 अप्रैल, 1967 ई. को भारत सरकार द्वारा विद्यापीठ का श्री लालबहादुरशास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ नामक सोसायटी के माध्यम से अधिग्रहण ।
10. 01 अप्रैल, 1971 ई. को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान द्वारा विद्यापीठ का अधिग्रहण ।
11. विजय दशमी 1980 ई. को श्रीमती ललिता शास्त्री द्वारा विद्यापीठ भवन का उद्घाटन।
12. 03 अप्रैल, 1984 ई. को केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री श्रीमती शीला कौल द्वारा छात्रावास का उद्घाटन ।
13. 09 अक्टूबर, को **उपराष्ट्रपति श्री रामास्वामी वेंकटरमन् द्वारा विद्यापीठ भवन** का उद्घाटन।
14. 21 अक्टूबर, 1986 ई. को **मानव संसाधन विकास मन्त्री पी. वी. नरसिंह राव** द्वारा विद्यापीठ के रजत जयन्ती समारोह का शुभारम्भ एवं **विश्वविद्यालय स्तर प्रदान** करने की घोषणा।
15. 26 नवम्बर, 1983 ई. को भारत सरकार द्वारा विद्यापीठ को **मानित विश्वविद्यालय** के रूप में मान्यता देने की अधिसूचना।
16. 23 जून, 1986 ई. को कुलपति पद पर डॉ. मण्डन मिश्र की नियुक्ति।
17. 01 जून, 1990 ई. को कुलाधिपति पद पर श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी जी की नियुक्ति ।
18. 23 फरवरी, 1991 ई. को महामहिम श्रीरामास्वामी वेंकटरमन् द्वारा विद्यापीठ के मानित विश्वविद्यालय स्वरूप का उद्घाटन ।
19. 06 जनवरी, 1992 ई. को प्रो. वी. वेंकटाचलम् की विद्यापीठ के द्वितीय कुलाधिपति के रूप में नियुक्ति ।
20. 03 दिसम्बर, 1993 ई. को **महामहिम राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा** को विशिष्ट समारोह में वाचस्पति की मानद उपाधि समर्पित ।
21. 15 फरवरी, 1994 ई. को प्रथम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
22. 15 फरवरी, 1994 ई. को विद्यापीठ में स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री की काँस्य प्रतिमा का अनावरण।
23. 15 नवम्बर, 1994 ई. को प्रो. वाचस्पति उपाध्याय द्वारा कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण।
24. 11 जनवरी, 1996 ई. को द्वितीय दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
25. 10 जनवरी, 1997 ई. को डॉ. के.पी.ए. मेनोन् का तृतीय कुलाधिपति के रूप में कार्यभार ग्रहण ।

26. 11 जनवरी, 1999 ई. को तृतीय दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न।
27. 15 नवम्बर, 1999 ई. को प्रो. वाचस्पति उपाध्याय को भारत सरकार ने पुनः कुलपति नियुक्त किया।
28. 11 फरवरी, 2000 ई. को चतुर्थ दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
29. 28 फरवरी 2001 ई. को पञ्चम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
30. 11 जनवरी, 2002 ई. को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्वमुख्यन्यायाधीश, माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. एन. भगवती का चतुर्थ कुलाधिपति के रूप में कार्यभार ग्रहण।
31. 17 फरवरी, 2002 ई. को षष्ठ दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
32. 06 फरवरी, 2003 ई. मानव संसाधन विकास मन्त्री माननीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी द्वारा अतिथि निवास एवं कुलपति निवास का उद्घाटन तथा सारस्वत साधना सदन के भवन का शिलान्यास ।
33. 11 नवम्बर, 2003 ई. को सप्तम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
34. 15 नवम्बर, 2004 ई. को प्रो. वाचस्पति उपाध्याय को भारत सरकार ने तीसरी बार कुलपति नियुक्त किया।
35. 12 नवम्बर ,2005 ई. को अष्टम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
36. 12 नवम्बर, 2005 ई. को सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्य विद्यानन्द मुनि जी के कर कमलों द्वारा सारस्वत साधना सदन का उद्घाटन सम्पन्न।
37. 10 नवम्बर, 2006 ई. को नवम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
38. 11 जनवरी, 2007 ई. को भारत सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, माननीय न्यायमूर्ति श्री पी.एन. भगवती को भारत सरकार ने दूसरी बार कुलाधिपति नियुक्त किया।
39. 23 जनवरी, 2007 ई. माननीय कुलपति जी द्वारा संगणक केन्द्र का उद्घाटन।
40. 30 अप्रैल, 2007 ई. माननीय कुलाधिपति जी द्वारा प्राशासनिकसदनम् का शिलान्यास ।
41. 01 नवम्बर, 2007 को माननीय कुलपति जी द्वारा सारस्वत समिति कक्ष का उद्घाटन ।
42. 28 नवम्बर, 2007 को विद्यापीठ का दशम दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न।
43. 14 अप्रैल, 2008 को विश्वसंस्कृत सम्मेलन 2001 में विद्वानों द्वारा पठित शोधनिबन्धों के प्रकाशित ग्रन्थ (आठ खण्डों की प्रोसिडिंग) का गुजरात के राज्यपाल महामहिम श्रीनिवलकिशोर शर्मा जी के करकमलों द्वारा दिल्ली के राष्ट्रिय संग्रहालय में लोकार्पण।
44. 06 दिसम्बर, 2008 को विद्यापीठ का एकादश दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
45. 07 नवम्बर, 2009 को विद्यापीठ का द्वादश दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न।
46. 15 नवम्बर, 2009 ई. को प्रो वाचस्पति उपाध्याय को भारत सरकार ने चौथी बार कुलपति नियुक्त किया।
47. 26 नवम्बर, 2010 ई. को विद्यापीठ का त्रयोदश दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न ।
48. 11 जुलाई, 2011 ई. को कुलपति प्रो. वाचस्पति उपाध्याय का असामयिक निधन।
49. 11 जुलाई , 2011 ई. को प्रो. शशिप्रभा जैन विद्यापीठ की प्रभारी कुलपति नियुक्त।
50. 05 दिसम्बर, 2011 ई. को प्रो. उषारानी कपूर विद्यापीठ की प्रभारी कुलपति नियुक्त।
51. 11 जनवरी, 2012 ई. को सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा को अगले पाँच वर्षों के लिए भारत सरकार ने विद्यापीठ का कुलाधिपति नियुक्त किया।
52. 06 जुलाई, 2012 ई. को प्रो. लक्ष्मीश्वर झा विद्यापीठ के प्रभारी कुलपति नियुक्त।
53. 11 जुलाई, 2012 को प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के कुलपति पद के साथ-साथ विद्यापीठ के भी कुलपति पद का कार्य समर्पित।
54. दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. योगानन्द शास्त्री द्वारा 24 अक्टूबर को बृहस्पति भवन का उद्घाटन।
55. कुलाधिपति न्यायमूर्ति डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा जी द्वारा पूर्व कुलपति प्रो. वापस्पति उपाध्याय की स्मृति में वाचस्पति

सभागार का उद्घाटन तथा स्वर्णजयन्ती वर्षोत्सव का शुभारम्भ घोषित।

56. 07 जनवरी 2013 ई. को विद्यापीठ का चतुर्दश दीक्षान्त महोत्सव सम्पन्न।

57. 09 जनवरी 2013 ई. को प्रो. भवेन्द्र झा को विद्यापीठ का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया।

58. 22 जनवरी, 2013 को मानव संसाधन विकास मंत्री डा. एम.एम. पल्लम राजू द्वारा स्वर्णजयन्ती सदन का उद्घाटन किया गया।

59. 05 फरवरी, 2014 को प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय को विद्यापीठ का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया।

60. 14 मई, 2014 को प्रो. भास्कर मिश्र को विद्यापीठ का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया।

61. 17 नवम्बर, 2014 को डॉ. जसवीर सिंह संधू, संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को विद्यापीठ का अतिरिक्त प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया।

62. 09 अप्रैल, 2015 को प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय को विद्यापीठ का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया।

